Cut & Keep

Education भास्कर

हायर एजुकेशन

उच्च शिक्षा में बढ़ रहा एंप्लॉयबिलिटी का स्तर, इंजीनियरिंग के छात्र सबसे आगे

हायर एजुकेशन हासिल करने वाले छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। इस मामले में इंजीनियिरिंग के छात्र सबसे आगे हैं। जबकि एमबीए करने वाले छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर कम हुआ है। व्हीबॉक्स द्वारा किए गए एक सर्वे में यह बात सामने आई है। हालांकि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि आईटीआई ग्रेजुएट्स में रोजगार के लायक छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है।

2014 में 33.95 फीसदी छात्र थे रोजगार के लायक, अब बढ़कर हुए 45.6 फीसदी

हायर एजुकेशन के छात्रों को लेकर एंप्लॉयबिलिटी का सवाल हमेशा से ही उठता रहा है। इंडस्ट्रीज़ के अनुसार उन्हें रोजगार के लायक उम्मीदवार ढूंढने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन हाल ही में जारी हुई इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्षों के दौरान उच्च शिक्षा हासिल कर चुके छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर बढ़ा है। 2014 में जहां 33.95 फीसदी ग्रेजुएट रोजगार के लायक थे, वहीं 2015 में यह आंकड़ा बढ़कर 38.12 फीसदी हो गया था। इस बार की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक देश में रोजगार के लायक ग्रेजुएट का अनुपात बढ़कर 45.6 फीसदी हो गया है। यह सर्वे व्हीबॉक्स, पीपुलस्ट्रॉन्ग और सीआईआई द्वारा 5200 से ज्यादा यूनिवर्सिटी और उच्च शिक्षा मुहैया कराने वाले संस्थानों के 5 लाख से ज्यादा छात्रों पर किया गया।

करीब 51% इंजीनियरिंग ग्रेजुएट एंप्लॉयबल

सर्वे के अनुसार एंप्लॉयबिलिटी के मामले में इंजीनियरिंग के छात्रों का अनुपात सबसे ज्यादा है। 2017 में करीब 50.69 फीसदी इंजीनियरिंग ग्रेजुएट रोजगार के लायक थे। 2018 में इनकी संख्या बढ़कर 51.52 फीसदी हो गई। किसी भी अन्य स्ट्रीम की तुलना में यह सबसे ज्यादा है। वहीं दूसरी तरफ एमबीए करने वाले छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर कम हुआ है। 2017 में जहां 42.28 फीसदी एमबीए ग्रेजुएट एंप्लॉयबल थे, वहीं 2018 में इनकी संख्या 39.4 फीसदी हो गई। बीकॉम करने वाले छात्रों के मामले में भी हालात इससे कुछ अलग नहीं हैं। बीकॉम करने वाले करीब 38 फीसदी छात्र 2017 में रोजगार के लायक थे, जबकि 2018 में इनकी संख्या घटकर करीब 34 फीसदी हो गई। आईटीआई को छोड़ दिया जाए, तो एमबीए और बीकॉम ही दो ऐसी स्ट्रीम हैं, जिसमें रोजगार के लायक छात्रों का अनुपाम कम हुआ है।

स्ट्रीम के आधार पर रोजगार के लायक छात्र (आंकड़े प्रतिशत में)

स्ट्रीम	2017	2018
इंजीनियरिंग	50.69	51.52
एमबीए	42.28	39.4
एमसीए	31.36	43.85
पॉलिटेक्निक	25.77	32.67
बीकॉम	37.98	33.93
बीफार्मा	42.3	47.78

आईटीआई में कम हुए एंप्लॉयबल छात्र

हालांकि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि आईटीआई करने वाले छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर कम हुआ है। आमतौर पर यह माना जाता है कि आईटीआई में स्किल फोकस एजुकेशन होने के कारण एंप्लॉयबिलिटी ज्यादा होती है। सर्वे के अनुसार 29.46% आईटीआई ग्रेजुएट ही रोजगार के लायक हैं, जबकि 2017 में यह आंकड़ा 42.22% था। अन्य स्ट्रीम के मुकाबले एंप्लॉयबल ग्रेजुएट्स में सबसे ज्यादा कमी इसमें ही देखने को मिली है।

राज्यों में दिल्ली शीर्ष पर

राज्यों के लिहाज से देखा जाए, तो एंप्लॉयबिलिटी के मामले में दिल्ली सबसे आगे है। दिल्ली में करीब 75 फीसदी ग्रेजुएट छात्र एंप्लॉयबल हैं। इसके बाद कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, तमिलनाडु और गुजरात इस सूची में शीर्ष पर हैं। शहरों के लिहाज से बेंगलुरु, चेन्नई और इंदौर के छात्र इसमें सबसे आगे हैं।

अपॉर्च्युनिटी अपडेट

इंटरनेशनल एसे कॉन्टेस्ट फॉर यंग पीपल

इसमें 25 वर्ष तक की आयु के छात्र भाग ले सकते हैं। छात्रों को आयु के आधार पर दो कैटेगरी के बांटा जाएगा। पहली कैटेगरी में 14 वर्ष तक की आयु के छात्र और दूसरी कैटेगरी में 15 से 25 वर्ष तक की आयु के छात्र शामिल हो सकेंगे। छात्रों को द चेंज आई वॉन्ट टू मेक थीम पर एसे लिखना होगा। यह एसे अधिकतम 700 शब्दों में हो सकता है।

अंतिम तिथि : 15 जून, 2018

लिंक : www.goipeace.or.jp/en/work/essay-contest/

नेशनल इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एग्ज़ाम

इसमें 5वीं कक्षा से लेकर ग्रेजुएशन करने वाले छात्र तक इसमें भाग ले सकते हैं। इसका उद्देश्य छात्रों को डिजिटली साक्षर बनाना और बदलती तकनीक के प्रति जागरूक करना है। पहला स्थान पाने वाले विजेताओं को लैपटॉप, दूसरा स्थान पाने वाले विजेताओं को टैबलेट, तीसरा स्थान पाने वालों को स्मार्टफोन और चौथा स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को पेन ड्राइव दी जाएगी।

अंतिम तिथि : 15 फरवरी, 2018

लिंक : http://www.niceedu.org/

जियो जीनियस जियोग्राफी ओलम्पियाड

इसमें दूसरी से लेकर 10वीं कक्षा तक के छात्र भाग ले सकते हैं। छात्रों को कक्षा के आधार पर तीन कैटेगरी के बांटा जाएगा। पहली कैटेगरी में दूसरी से चौथी कक्षा, दूसरी कैटेगरी में पांचवीं से सातवीं और तीसरी कैटेगरी में आठवीं से लेकर 10वीं कक्षा तक के छात्र शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी। पहला स्कूल लेवल दूसरा नेशनल लेवल। स्कूल स्तर और राष्ट्रीय स्तर में प्रत्येक कैटेगरी के विजेताओं को इनाम मिलेगा।

अंतिम तिथि : 31 अक्टूबर, 2018

लिंक : http://geogeniusindia.com/

सवाल और सुझाव के लिए एसएमएस कीजिए... 9200012345 पर या ई-मेल कीजिए
education@dbcorp.in

Cut & Keep

महाशिवरात्रि | देर रात तक शिव भक्ति में लीन रहे भक्त, प्रभु को आंकड़े के फूल और धतूरा अर्पित किया

नीलकंठेश्वर को गाजर का हलवा भोग

भास्कर संवाददाता | खाचरौद

नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

महाशिवरात्रि पर्व के कारण मंगलवार को पूरा अंचल शिवमय हो गया। शिवालयों में दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। भक्तों ने भगवान का पंचामृत, दूध व जल से अभिषेक किया। आंकड़े के फूल व धतूरा अर्पित कर भांग और फलाहारी खिचड़ी का भोग भी लगाया। तड़के ही मंदिर के पट खुल गए। घंटे-घड़ियाल की ध्वनि के बीच ओम नमः शिवाय के स्वर गूंजने लगे। सुबह से शुरू हुआ दर्शनों का सिलसिला देर रात तक चला। महादेव के दर्शनार्थ कतारबद्ध श्रद्धालुओं में जबर्दस्त श्रद्धा दिखी। शहर के हर मंदिर में अल सुबह से ओम नमः शिवाय के जयकारे गूंज उठे। बड़े-बुजुर्ग, महिला पुरुषों के साथ बच्चे भी पूजन-आरती करने चले आए थे।

नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर- तालाब की पाल स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में बम-बम भोले की गूंज सुनाई दी। सुबह से लेकर देर रात तक शिवालय में श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। मंदिर परिसर में प्रसाद, पूजन सामग्री व खिलौनों की दुकानें भी सजी। पुल रोशनी से जगमगा रहा था। सुबह 5 बजे मंत्रोच्चार के साथ भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक किया गया। मंदिर में शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया गया। महिलाओं ने उपवास रखकर बेल पत्र, धतूरा व पूजन सामग्री अर्पित की। बच्चों ने नंदी के कान में प्रार्थना कर मनोकामना की। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर यहां नीलकंठेश्वर महादेव भक्तों द्वारा विभिन्न प्रकार के फल, दूध, गाजर का हलवा, छाछ तथा आलू चिप्स की महाप्रसादी बांटी गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया।

बिलपत्रेश्वर महादेव मंदिर- न्यायालय परिसर स्थित बिलपत्रेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 10 बजे अभिषेक किया गया। दोपहर में भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार कर प्रसादी का वितरित की गई।

पुलिस कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर- रेलवे स्टेशन रोड पर पुलिस कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रृद्धालुओं ने जल अर्पित कर धतूरा, बिलपत्र, गेंहू की बाल, चना व बैर अर्पित किए।

वृद्धेश्वर महादेव मंदिर- देवों के देव महादेव का शिवरात्रि पर विधि विधान के साथ आराधना की गई। ग्राम भीकमपुर स्थित वृद्धेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर अलसुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी। दिनभर बम-बम भोले की गूंज सुनाई देती रही। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को दूध, फूल व बिल्वपत्र समर्पित कर पूजन-अर्चन और अभिषेक आदि किया।

लाइन क्षतिग्रस्त होने से तीन मोहल्लों में नहीं पहुंचा पानी

भास्कर संवाददाता | महिदपुर

क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से बेहता पानी।

रंगरेज मोहल्ले के पास जल प्रदाय की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से तीन मोहल्ले के रहवासियों को तीसरे दिन भी पानी नहीं मिल पाया। अब समय पर जल संग्रहण हो पाया तो पांचवे दिन पानी मिल पाएगा। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह के समय रंगरेज मोहल्ले में शादी के गार्डन के पास बिजली कंपनी के द्वारा विद्युत पोल लगाया गया। जिसमें खुदाई के दौरान नगर पालिका की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। ऐसे में रंगरेज मोहल्ले, हेला बाखल व अयोध्या बस्ती क्षेत्र में जल वितरण नहीं हो सका। काफी देर तक पानी बहता रहा। सूचना मिलते ही नपा टीम ने इस क्षेत्र में जल प्रदाय को रोका। शाम तक क्षतिग्रस्त लाइन को दुरुस्त किया गया है। इधर, रहवासियों को तीसरे दिन पानी मिलना था, लेकिन लाइन क्षतिग्रस्त होने से वितरण नहीं हो पाया। परेशान रहवासियों को टैंकर, हैंडपंप व निजी नलकूप से पूर्ति करना पड़ी। अब पांचवे दिन पानी मिलेगा।

याचक बनकर आए और देकर विदा हुए- पं. अर्जुन गौतम

पं. गौतम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान करते मंडी अध्यक्ष प्रतिनिधि सिसौदिया।

तराना | याचक बनकर आए ओर देकर विदा हुए। यह बात ग्राम रामपुरा में आयोजित श्री राम कथा में युवा संत पं अर्जुन गौतम ने कही। कथा में बताया जब विश्वामित्र राम लक्ष्मण को यज्ञ रक्षा के लिए ले कर गए और जनक द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ तक की यात्रा में चारो राजकुमारों का विवाह हुआ। कथा में बरात का अयोध्या लोटना और नित नए मंगलो का वर्णन किया गया। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विनय दीक्षित ने राम कथा को मानवता के लिए एक आदर्श ग्रंथ बताया।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक,शाजापुर के महाप्रबंधक डी.आर सरोठिया ,किशन सिंह भटोल, जीवन सिंह कौशल्य, जिला मंडी अध्यक्ष बहादुर सिंह, रतन सिंह रघुवंशी, राम सिंह जादौन उपस्थित थे। अतिथियों को राजपाल सिंह सिसौदिया व सौदान सिंह सिसौदिया ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।बुधवार को श्री राम कथा की पूर्णाहुति होगी एवं भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसमें क्षेत्र के आसपास के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से उपस्थित रहने की अपील की है। जानकारी कवि लक्ष्मण रामपुरी ने दी।

विवाह के लिए पूरे गांव को सजाया, रंगोली बनाई, दो बालिकाओं का कन्यादान किया

नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली बारात में शामिल ग्रामवासी। दूसरे चित्र में विवाह के दौरान उपस्थित ग्रामीण।

तराना | श्री मनकामेश्वर ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर दो कन्याओं का निशुल्क विवाह संपन्न किया गया। इस विवाह में पूरे ग्रामवासियों ने भाग लिया एवं दोनों कन्याओं को गृहस्थी सामग्री एवं बरात की व्यवस्थाएं की। विवाह हेतु पूरे गांव को सजाया गया। रंगोलियां बनाई गई। बंदनवार बांधे गए एवं पूरे गांव में बारात का स्वागत किया। परिसर में गांव एवं आसपास के 4000 लोगों ने सहभागिता कर दोनों वर्गों को पूरे ग्रामवासियों ने आशीर्वाद दिया। आशीर्वाद प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह शंभू प्रसाद गिरी, विभाग प्रचारक विनय दीक्षित, जिला संघचालक योगेंद्र चौहान, विधायक अनिल फिरोजिया, मंडी अध्यक्ष बहादुर सिंह, मुंडला जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष किशन सिंह, जन अभियान परिषद धनसिंह धनगर,नाहर सिंह पंवार आदि सम्मिलित हुए।यह जानकारी समिति समिति संयोजक राजेंद्र सिंह पंवार ने दी।

पत्नी व्रत करे तो पति रहते हैं स्वस्थ

श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर नांदेड़ में शिवमहापुराण के अवसर पर पं. जीवन अग्निहोत्री ने कहा महाशिवरात्रि पर्वों में महापर्व है। इस दिन यदि विवाहित महिलाएं व्रत व पूजन करती है तो उनके पति का स्वास्थ्य ठीक रहता हैं। वह रोग से दूर रहते हैं। कन्याएं यदि इस व्रत को करती है तो सुंदर व गुणवान पति प्राप्त होता है। महाशिवरात्रि का कोई भी व्यक्ति व्रत व पूजन करता है तो उसकी मनोकामना भी पूर्ण होतीं है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

महिदपुर | ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय क्षीरसागर स्थित राजीव गांधी भवन उज्जैन में गुरुवार दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। अ.भा.कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया कांग्रेस के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, युवक कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, महिला कांग्रेस, सेवादल, शहर कांग्रेस के प्रमुखों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हीरालाल आंजना व शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने सभी कार्यकर्ताओं से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आंजना ने बताया बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा, विधानसभा के सशक्त उम्मीदवारों पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। जानकारी ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता अशोक बुरड़ ने दी।

आज मंडी बंद रहेगी

महिदपुर | कृषि उपज मंडी में बुधवार को नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी अध्यक्ष कैलाश गोस्वामी के अनुसार महाशिवरात्रि के शासकीय अवकाश होने से नीलामी कार्य नहीं किया जाएगा। किसान अपनी उपज बुधवार को नीलामी हेतु मंडी परिसर में न लाएं।

रोग निवारण शिविर कल

बड़नगर | 94वां निःशुल्क नेत्र, दंत व सामान्य रोग निवारण शिविर का आयोजन गुरुवार को होगा। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन देरासर प्लेजेंड पैलेस वालकेश्वर मुंबई व जैन संत श्री विरक्तसागर महाराज की प्रेरणा से मुंबई निवासियों व मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के सौजन्य से संपन्न होगा। मुख्य अतिथि एसडीएम एकता जायसवाल होगी। तहसील के 231 कोटवारो चौकीदार को कंबल बांटे जाएंगे। नेत्रदान करने वालों के परिवार के सदस्य का भी सम्मान किया जाएगा। नेत्रदान एवं देहदान के इच्छुक व्यक्ति 11 बजे आकर फार्म भरने कि प्रक्रिया पूर्ण करें व साथ में 2 फोटो अवश्य लाए।

भवन के लिए 5.46 करोड़ रुपए मंजूर भूमिपूजन के साथ शुरू होगा निर्माण

माकड़ौन | शासकीय महाविद्यालय में भवन निर्माण हेतु विधायक अनिल फिरोजिया के लगातार प्रयासों से शासन द्वारा 5 करोड़ 46 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होकर निर्माण एजेंसी विपणन संघ को नियुक्त कर दिया गया है। इसका विधिवत भूमिपूजन के साथ अति शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

विधायक फिरोजिया ने बताया माकड़ौन के शासकीय महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु शासन द्वारा 5 करोड़ 46 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए टेंडर भी निकाले जा चुके हैं एवं निर्माण हेतु एजेंसी नियुक्त की गई है। इसका शीघ्र भूमिपूजन होकर मार्च के बाद निर्माण प्रारंभ होगा।

उल्लेखनीय है कि भवन निर्माण हेतु नगर के समाजसेवी लक्ष्मी बाई पति शिवनारायण कटारिया (भोले सेठ) ने 1 एकड़ जमीन जो कि करोड़ों की है, कॉलेज भवन निर्माण हेतु 4 वर्ष पूर्व दान कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दान पत्र सौंपा था। भवन निर्माण स्वीकृत होने पर किरण बढ़िया, मनोहर बोहरा, मदन लाल भाटी, पार्षद मालेक सिंह राजपूत, सिगाराम जाटवा, ईश्वर सिंह राठौर, श्यामू बाई नगजीराम धाकड़, गुलाब सिंह धाकड़, करणसिंह गुर्जर, राजपाल से कपेली सहित जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

सीएम हेल्पलाइन पर बिना निराकरण के बंद की जा रही शिकायतें

माकड़ौन | शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए मुख्यमंत्री ने 181 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाने हेतु निशुल्क उपभोक्ता सेवा शुरू की थी जिस पर अधिकारियों को शिकायत पर तुरंत सुनवाई करने व निराकरण के आदेश दिए थे परंतु अब हेल्पलाइन पर शिकायत का निराकरण न करते हुए भी बगैर किसी सूचना के शिकायत बंद कर दी जाती है। शिकायत निराकरण के लिए जिम्मेदार बैठे अधिकारी शासन की योजना की धज्जियां उड़ा रहे है।

इसका प्रत्यक्ष उदाहरण सामने आया है। इसमें शिकायतकर्ता अनोखीलाल पिता बाबूलाल मोगिया निवासी भोल्ड़िया ने बताया है कि उसे शौचालय की स्वीकृति मिली थी। इस पर उन्हें शौचालय निर्माण की एक वर्ष होने के बाद भी राशि नहीं मिली है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत के भी अनेकों बार चक्कर लगाने के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तब प्रार्थी ने 3 अक्टूबर 2017 को शिकायत क्रमांक 4711165 पर दर्ज की गई एवं शिकायत के निराकरण नहीं करते हुए बंद कर दी गई। पुनः शिकायत क्रमांक 5363053 पर दर्ज करवाई उसे भी बंद कर दी गई। तीसरी मर्तबा पुनः 5451996 पर शिकायत दर्ज की गई। जिसे भी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर बैठे अधिकारियों ने न तो शिकायत के बारे में पता लगाया व न ही मुझे प्रार्थी को अवगत कराए बगैर ही शिकायत बंद कर दी गई।

आवेदक ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भेजकर भोपाल हेल्पलाइन पर पदस्थ अधिकारियों की मनमानी से अवगत कराते हुए इस पूरे घटनाक्रम की जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग एवं शीघ्र ही राशि दिए जाने की मांग की है।

श्रद्धालुओं ने बिल्व पत्र, जल, दुध चढ़ाकर की महादेव की पूजा

ग्राम धुलेट स्थित धुर्जटेश्वर महादेव की पूजा अर्चना करते श्रध्दालु।

महिदपुर | नगर में महाशिवरात्रि का पर्व मंगलवार को उत्साह के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने महादेव को बिल्व पत्र, जल, दूध चढ़ाकर पूजा अर्पण की। साथ ही रहवासियों ने उपवास में विशेष रूप से बेर का प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम धुलेट स्थित धुर्जटेश्वर महादेव पर भक्तों ने पूजा अर्चना की। मंगलवार व बुधवार को दो महाशिवरात्रि होने से श्रद्धालुओं की संख्या शिवालयों में कम दिखाई दी। कई लोग बुधवार को भी महाशिवरात्रि मनाएंगे। प्राचीन मंदिर धुलेट पर बाबा का अभिषेक एवं श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। इसी प्रकार जेल रोड स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर पर भी शिवरात्रि पर अभिषेक श्रृंगार किया गया। शाम के समय प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। मुक्तेश्वर महादेव, धनवंतरी महादेव, नागचंद्रेश्वर महादेव, गंगेश्वर महादेव, शिप्रेश्वर महादेव आदि मंदिरों में भी चहल-पहल देखने को मिली।

शिव की बरात में निकली भूतों की टोली

पालकी में सवार झारड़ेश्वर महादेव व श्रद्धालु।

झारड़ा | महाशिवरात्रि पर ग्राम में झारड़ेश्वर महादेव मंदिर से महंत पूर्णानंद भारती के सानिध्य में शिव बरात निकाली गई। जिसमें भूतों की टोली, बैंड बाजे-डीजे, अखाड़ों के साथ उत्साह से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बरात गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। रहवासियों ने पालकी में सवार भगवान झारड़ेश्वर की पूजा-अर्चना की। वहीं बरात में बजरंग व्यायाम शाला के पहलवान हेरत अंगेज करतब करते हुए चल रहे थे। साथ ही डीजे के भक्तिमय भजनों पर युवा थिरकते दिखाई दिए। रहवासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर शिव बरात का स्वागत किया। ग्रामीणों ने महंत पूर्णानंद भारती, अखाड़े के उस्ताद शंकर प्रजापत, बैंड बाजे के गायक कलाकार का भी सम्मान किया। आरती पश्चात प्रसादी वितरित की गई।

Appointments

वनस्थली विद्यापीठ
(विश्वविद्यालयवत् संस्थान)
आवश्यकता :
[illegible] (9300-34800/5200-20200, कुल वेतन 21,000-35,000) योग्यता: स्नातकोत्तर अथवा स्नातक बी.एड. सहित। [illegible] में 5 वर्ष का अनुभव। मैट्रन (कुल वेतन 15,000-25,000) योग्यता: स्नातक। [illegible]
www.banasthali.org से डाउनलोड कर सकते हैं।

FORCE MOTORS LIMITED
FORCE
आवश्यकता है WALK-IN-INTERVIEW
[illegible]
फोर्स मोटर्स लिमिटेड
प्लाट नं. २, सेक्टर नं. १ इंडस्ट्रीयल एरिया, पीथमपुर, जिला : धार – [illegible] (म. प्र.)

भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल
BHOPAL MEMORIAL HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
रायसेन बायपास रोड, करोंद चौराहा के पास, भोपाल - 462038

विज्ञप्ति क्रमांक : 70/2018
वॉक इन इन्टरव्यू : सलाहकार (मेडिकल) [Consultant (Medical)]
साक्षात्कार दिनांक : 27/02/2018 (मंगलवार) समय सुबह 09:00 बजे
संविदा नियुक्ति (On Contractual Basis)
[illegible] (Consultant) [illegible]
योग्यता : MD/MS/DNB with three years experience; DM/M.Ch in concerned specialty.
[illegible] : रु. 71,298/- प्रति माह
निम्नलिखित विभागों के लिए :

Anaesthesia (निश्चेतना)	GI Surgery (जी.आई. सर्जरी)	Psychiatry (मनोचिकित्सा)	Urology (यूरोलॉजी)
CTVS (सी.टी.वी.एस.)	Nephrology (नेफ्रोलॉजी)	Pulmonary Medicine (पल्मोनरी मेडिसिन)	
GI Medicine (जी.आई. मेडिसिन)	Neurology (न्यूरोलॉजी)	Surgical Oncology (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी)	

निदेशक
बी.एम.एच.आर.सी., भोपाल
नोट :- 1. अधिक जानकारी के लिए www.bmhrc.org [illegible]
2. [illegible]